उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/R1/कोविड-37./149
Date: 09 / 10 /2020

सेवा में,

समस्त विश्वविद्यालय परिवार
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)।

विषयः शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

वैश्विक महामारी कोविड –19 के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाये जा रहे इस जन जागरूकता अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाये जाने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर, 2020 को पूर्वाहन 11:00 बजे एक शपथ प्रदेश के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कराये जाने की अपेक्षा की है।

अतः माननीय कुलपति जी से प्राप्त निर्देश के क्रम में विषयगत शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी दिनांक 09 अक्टूबर, 2020 को पूर्वाहन 11:00 बजे सोशल डिस्टैंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करते हेतु प्रशासनिक भवन की गैरली में शपथ ग्रहण आयोजन में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक– यथोक्त

भवदीय,

कुलसचिव

Teenpani Bypass,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000 Fax No. 264232
Website:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in

प्रतिज्ञा / शपथ

मैं..... संकल्प लेता / लेती हूँ कि मैं कोविड–19 के बारे में सतर्क रहूंगा / रहूंगी तथा मुझे और मेरे साथियों को इससे जुड़े खतरे को हमेशा ध्यान रखूंगा / रखूंगी।

- मैं इस घातक विषाणु के प्रचार को रोकने सम्बंधी सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का वचन देता / देती हूँ।
- मैं कोविड से जुडे आचार–व्यवहार का अनुसरण करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने का भी वचन देता / देती हूँ।
- मैं सदैव मास्क / फेस कवर पहनूँगा / पहनूँगी, विशेषकर सार्वजनिक स्थलों पर।
- मैं दूसरों से कम से कम 2 गज की दूरी बनाकर रखूंगा / रखूंगी।
- मैं अपने हाथों को नियमित रूप से और अच्छी तरह साबुन और पानी से धोऊंगा / धोऊंगी ।
- कोविड के लक्षण महसूस होने पर मैं तत्काल चिकित्सा सलाह लूंगा / लूंगी।

हम एक साथ मिलकर कोविड–19 के खिलाफ इस लड़ाई को जीतेंगे।